सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. सीएससी/Corona/2020 दिनांक – 20.03.2020

कार्यालय ज्ञापन

देश में कोरोना वायरस (COVID-19) के बढ़ते मामलों पर संज्ञान लेते हुए सीरी स्टाफ क्लब की दिनांक 20 मार्च, 2020 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय तथा उस पर निदेशक महोदय के अनुमोदन के उपरांत सभी सहकर्मियों को सूचित किया जाता है कि –

1. **सीरी स्टाफ क्लब के अंतर्गत आने वाली सभी खेलकूद गतिविधियों का स्थगन** – सीरी स्टाफ क्लब के अंतर्गत आने वाली सभी इनडोर और आउटडोर खेल गतिविधियाँ अगली सूचना तक स्थगित रहेंगी। इस प्रकार सीरी परिसर में क्रिकेट, वॉलीबॉल, लॉन टेनिस एवं अन्य सामूहिक आउटडोर खेलों सहित गाँधी हॉल में खेले जाने वाले सभी खेल (बैडमिंटन, टेबल टेनिस आदि) नहीं खेले जाएंगे। सीरी परिसर में स्थित गाँधी हॉल भी अगली सूचना तक बंद रहेगा।
2. **सीरी स्टाफ क्लब के अंतर्गत आने वाली अन्य गतिविधियों का भी स्थगन** – सीरी परिसर में स्टाफ क्लब के तत्वावधान में चलाई जा रही चित्रकला (Drawing), संगीत एवं नृत्य (Music & Dance) तथा मार्शलआर्ट्स (Martial Arts) की कक्षाएँ भी अगली सूचना तक स्थगित रहेंगी।

कोरोना वायरस (COVID-19) की रोकथाम तथा इसके विरुद्ध संघर्ष में सभी सहकर्मियों एवं उनके परिजनों का सहयोग अपेक्षित एवं प्रार्थनीय है।

20/3/2020
(विनोद कुमार)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि :
1. निदेशक कार्यालय
2. प्रशासनिक अधिकारी
3. सभी क्षेत्र समन्वयक/विभागाध्यक्ष – कृपया इसे अपने अधीनस्थों की जानकारी में ला दें।
4. प्रभारी, एनएमसी – कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवा दें।
5. सभी सूचना पट्ट

Scanned with CamScanner